# विश्व मलेरिया दिवस 2022

## प्रिलिम्स के लिये:

विश्व मलेरिया दिवस, मलेरिया को नियंत्रित करने के प्रयास।

## मेन्स के लिये:

स्वास्थ्य, मलेरिया और उसका उन्मूलन।

## चर्चा में क्यों?

मलेरिया को नियंत्रित करने और इसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये हर वर्ष **25 अप्रैल** को **विश्व मलेरिया दिवस** मनाया जाता है।

- **विश्व मलेरिया दिवस** पहली बार वर्ष 2008 में आयोजित किया गया था। इसे '**अफ्रीका मलेरिया दिवस**' से विकसित किया गया था, यह वर्ष 2001 से विभिन्न अफ्रीकी देशों की सरकारों द्वारा मनाया जा रहा था।
- वर्ष 2022 की थीम है- **"मलेरिया रोग के बोझ को कम करने और जीवन बचाने के लिये नवाचार का उपयोग करें।"**

## मलेरिया:

- **परिचय:**
  - मलेरिया एक **मच्छर जनित रक्त रोग** (Mosquito Borne Blood Disease) है जो प्लाज़्मोडियम परजीवी (Plasmodium Parasites) के कारण होता है। यह मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के **उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय** क्षेत्रों में पाया जाता है।
  - इस परजीवी का प्रसार **संक्रमित मादा एनाफिलीज़ मच्छरों** (Female Anopheles Mosquitoes) के काटने से होता है।
    - मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद परजीवी शुरू में यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं, उसके बाद **लाल रक्त कोशिकाओं** (Red Blood Cells- RBC) को नष्ट कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप **RBCs** की क्षति होती है।
    - ऐसी 5 परजीवी प्रजातियाँ हैं जो मनुष्यों में मलेरिया संक्रमण का कारण हैं, इनमें से 2 प्रजातियाँ- **प्लाज़्मोडियम फाल्सीपेरम** (Plasmodium Falciparum) और **प्लाज़्मोडियम विवैक्स** (Plasmodium Vivax) हैं, जिनसे मलेरिया संक्रमण का सर्वाधिक खतरा विद्यमान है।
    - मलेरिया के लक्षणों में बुखार और फ्लू जैसे लक्षण शामिल होते हैं, जिसमें ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान महसूस होती है।
    - इस रोग की रोकथाम एवं इलाज़ दोनों संभव हैं।

## मलेरिया का टीका:

- RTS,S/AS01 जिसे **मॉसक्यूरिक्स** (Mosquirix) के नाम से भी जाना जाता है, एक इंजेक्शन वैक्सीन है। इस टीके को एक लंबे वैज्ञानिक परीक्षण के बाद प्राप्त किया गया है जो कि पूर्णतः सुरक्षित है। इस टीके के प्रयोग से मलेरिया का खतरा 40 प्रतिशत तक कम हो जाता है तथा इसके परिणाम अब तक के टीकों में सबसे अच्छे देखे गए हैं।
- इसे **ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन** (GlaxoSmithKline- GSK) कंपनी द्वारा विकसित किया गया था तथा इसे **वर्ष 2015** में **यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी** (European Medicines Agency) द्वारा अनुमोदित किया गया।
- RTS,S वैक्सीन मलेरिया परजीवी, प्लाज़्मोडियम पी. फाल्सीपेरम (Plasmodium P. Falciparum) जो कि मलेरिया परजीवी की सबसे घातक प्रजाति है, के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को विकसित करती है।
- **भारतीय परिदृश्य:**
  - **मलेरिया बर्डन:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट (WMR) 2020, जो कि दुनिया भर में मलेरिया के

अनुमानति मामलों की जानकारी देती है, के अनुसार भारत ने अपने मलेरिया के बोझ को कम करने में काफी प्रगति की है।

- भारत एकमात्र ऐसा देश है, जसिने वर्ष 2018 की तुलना में वर्ष 2019 में 17.6% की गरिावट दर्ज की है।

## मलेरिया नयिंत्रण के प्रयास:

- वशि्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने अपनी **'ई-2025 पहल'** के अंतर्गत वर्ष 2025 तक मलेरिया उन्मूलन क्षमता वाले 25 देशों की पहचान की है।
- भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू कयि गए थे तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परवािर कल्याण मंत्रालय के **नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलमिनिशन (NFME)** की शुरुआत के बाद इन प्रयासों में और अधकि तेज़ी आई।
  - NFME मलेरिया के लयि WHO की वैश्वकि तकनीकी रणनीति 2016-2030 (GTS) के अनुरूप है। ज्ञात हो कि वैश्वकि तकनीकी रणनीति WHO के **वैश्वकि मलेरिया कार्यक्रम (GMP)** का मार्गदर्शन करती है, जो मलेरिया को नयिंत्रति करने और समाप्त करने के लयि WHO के वैश्वकि प्रयासों के समन्वय हेतु उत्तरदायी है।
- **मलेरिया उन्मूलन के लयि राष्ट्रीय रणनीतकि योजना (2017-22)** जुलाई 2017 में शुरू की गई थी जसिमें आगामी पाँच वर्षों हेतु रणनीति नर्धिारति की गई है।
  - यह मलेरिया की स्थानकिता के आधार पर देश के वभिन्नि हसि्सों में वर्ष-वार उन्मूलन का लक्ष्य प्रदान करता है।
- **'हाई बर्डन टू हाई इम्पैक्ट' (High Burden to High Impact-HBHI)** पहल का कार्यान्वयन जुलाई 2019 में चार राज्यों (पश्चमि बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश) में शुरू कयिा गया था।
- उच्च दबाव वाले क्षेत्रों में **लंबे समय तक चलने वाली कीटनाशक युक्त मच्छरदानयिों (LLINs)** के वतिरण से इन राज्यों में मलेरिया के प्रसार में कमी आई है।
- **इंडयिन काउंसलि ऑफ मेडकिल रसिर्च (ICMR)** ने **मलेरिया उन्मूलन अनुसंधान गठबंधन-भारत (MERA-India)** की स्थापना की है जो मलेरिया नयिंत्रण पर काम करने वाले भागीदारों का एक समूह है।

## स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-malaria-day-2022